## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंडर 14 की टीम घोषित , भिलाई रवाना

**रायगढ़ (आरएनएस)।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के आदेश पर जिला क्रिकेट संघ के द्वारा अंडर 14 का फाइनल ट्रायल लेकर टीम घोषित की गई। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि अंडर 14 का राज्य स्तरीय ट्रायल भिलाई में लिया जाना है जिसके लिए जिला की टीम घोषित करने ट्रायल लिया गया जहां चयनकर्ता पंकज बोहिदार, जफर उल्लाह मौजूद थे जिसमे खिलाड़ीयों के प्रदर्शन के आधार पर टीम की घोषणा की गई। चयनित टीम इस प्रकार है , टीम के चयनित खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सन्तोष पांडेय ने प्रसन्नता जाहिर किया है साथ ही सहित सन्तोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, पंकज बोहिदार , जफर उल्लाह, किशोर पटनायक, आशीष शर्मा, राजा गोरख, सानू भयानी, अभिषेक गुप्ता, महेश दधीचि , रविसिंह, अमित कुंवर आदि सभी ने बधाई देते हुए शुभकामनाए दी है।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 15 पदक जीते छत्तीसगढ़ रोप स्कीपिंग टीम ने

**रायपुर (आरएनएस)।** आई.आर.एस.एफ (इंडियन रोप स्कीपिंग फेडरेशन) के द्वारा 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक नैनीताल, उत्तराखण्ड राज्य में फेडरेशन कम प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें दिल्ली, आंध्रप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तरप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ टीम हिमांशु मानिकपुरी के नेतृत्व में गोविन्द साहू, हर्ष मानिकपुरी(भिलाई नगर) व विनायकपुर (अण्डा) ग्रामीण अंचल के रविन्द्र, हेमेन्द्र, गगन, विवेक, आकाश, तुषार, तुशाल, समीर ने प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 5 स्वर्ण, 7 रजत एवं 4 कंस्य पदक जीतकर जिले व राज्य का नाम रोशन व गौरवान्वित किया है। ग्रामीण प्रतिभा को इस मुकाम तक पहुंचाने में डॉ. चरणदास महंत (विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन), उमेश पटेल (खेलमंत्री छत्तीसगढ़ शासन) व अडाली फाउंडेशन रायगढ़ एनर्जी जनरेशन लिमिटेड, रायगढ़ छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान रहा। आप सभी के द्वारा खिलाड़ियों के प्रतिभा व प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आर्शीवचन प्रदान किया गया।

### नये वेरिएंट ओमिक्रॉन संक्रमण के नियंत्रण के लिए निर्देश जारी

**महासमुंद (आरएनएस)।** सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा कोविड-19 एवं नये वेरिएंट ओमिक्रॉन संक्रमण के नियंत्रण हेतु धार्मिक एवं सामाजिक त्यौहारों तथा नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में नये निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार अब धार्मिक एवं सामाजिक त्यौहारों, नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर क्षमता के 50 प्रतिशत तक ही व्यक्तियों को भाग लेने की अनुमति होगी। कलेक्टर डोमन सिंह ने संक्रमण से बचाव के लिए जिले में लोगों से सावधानी एवं सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है, ताकि संक्रमण से स्वयं एवं अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रख सके।

### संत कबीर के विचारों का छत्तीसगढ़ में गहरा प्रभाव - मुख्यमंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि संत कबीर के उत्कृष्ट विचारों का छत्तीसगढ़ में गहरा प्रभाव पड़ा है, जिसके सैकड़ों उदाहरण समाज में विद्यमान हैं। संत कबीर के ज्ञान का प्रकाश आज भी मानव समाज को आलोकित कर रहा है। वे न सिर्फ एक संत, कवि और प्रखर समाज सुधारक थे, बल्कि उससे भी आगे बढ़कर उन्होंने लोगों को जीवन जीने की शैली बताई। बघेल आज धमतरी विकासखण्ड के डोंगेश्वर धाम (डोंगापथरा) देवपुर में आयोजित परख कबीर सत्संग मेला एवं युवोदय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां सत्संग भवन सह-ध्यान कक्ष और मनन वाटिका का भूमिपूजन करने के साथ ही सद्गुरू अभिलाष साहेब वाचनालय का लोकार्पण भी किया। उन्होंने मेला क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की घोषणा के साथ ही संत कबीर आश्रम के विकास के लिए 20 लाख रुपए मंजूर करने और जिला पंचायत अध्यक्ष के आग्रह पर जैतखाम निर्माण के लिए सतनामी समाज को 10 लाख रुपए स्वीकृत करने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर ने सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास पर कड़े कटाक्ष कर हमें बताया कि ईश्वर के बाद केवल सत्य है। साढ़े छह सौ साल बीतने के बाद भी महान समाज सुधारक और संत कबीर पर शोध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनने के लिए अनेक कदम उठाए गए है।

# कलयुगी बेटे ने लोहे के तवा से सिर पर चोट पहुंचाकर ली वृद्ध पिता की जान

**» घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची चक्रधरनगर पुलिस, आरोपी को लिया गया हिरासत में**

**» नशे के लिये रूपये नहीं मिलने पर माता-पिता से नाराज था आरोपी और उठाया आपराधिक कदम**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के सुपरविजन में थाना चक्रधरनगर अंतर्गत घटित हत्या के मामले में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया है। कल दिनांक 25.12.2021 की रात्रि थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनवकांत सिंह को बेलादुला खर्राघाट मांगलिक भवन के पीछे एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या उसके बेटे द्वारा किये जाने की सूचना मिली। गंभीर वारदात की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक का नाम धरम सिंह खडिया (उम्र 60 वर्ष) होने की जानकारी हुई।

घटना के संबंध में मृतक की पत्नी श्रीमती नीला खडिया (उम्र 55 वर्ष) बताई कि इनके दो बेटी और एक बेटा उपेन्द्र खडिया (उम्र 20 वर्ष) है। बेटा उपेन्द्र सबसे छोटा है जो नशे का आदी है, हमेशा घर में अपने खर्च के लिये रूपये मांगता था और रूपये नहीं देने पर माता-पिता से झगड़ा, मारपीट करता था। श्रीमती नीला खडिया बताई कि पति धरम सिंह खडिया शारीरिक रूप से कमजोर हो जाने से घर में रहते थे, यह मजदूरी कर घर का खर्चा चलाती थी। दिनांक 25.12.2021 के शाम करीब 5:30 बजे उपेन्द्र अपनी मां से नशे के लिये पैसे मांगा, नहीं देने पर उससे हाथ मुक्का से मारपीट किया जिसके बाद उसकी मां घर से निकलकर अपन भाई बहू के घर चली गई। घर में उपेन्द्र और उसका पिता धरम सिंह थे। थोड़ी देर बाद श्रीमती नीला खडिया और उसकी भाई बहू गंगा बाई वापस घर आये तो देखे धरम सिंह के चेहरे, मुंह पर चोटें लगी थी, खून निकला था और धरम सिंह फौत हो चुका था, पास में लोहे का तावा पड़ा था। उपेन्द्र खडिया को पूछने पर नशे के लिए पैसा नहीं देने से लोहे के तावा से मारना बताया। श्रीमती नीला खडिया के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में हत्या का अपराध दर्ज कर शव पंचनामा कार्यवाही बाद आरोपी उपेन्द्र खडिया को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है, जिसे शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

## नाबालिग से अनाचार करने वाला आरोपी लोन रिकवरी एजेंट गिरफ्तार

**» सीपत बिलासपुर में छिपा था आरोपी, छाल पुलिस भेजी रिमांड पर**



**रायगढ़।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को छाल पुलिस द्वारा सीपत बिलासपुर से गिरफ्तार कर आज थाना लाया गया है, आरोपी नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया फिर रायगढ़ से फरार होकर सीपत में जाकर छिपा था जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 24.12.2021 को बालिका अपने परिजनों के साथ थाना छाल लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई और बताई कि इसकी मां एस.बी.सी.एल. बैंक खरसिया से किस्तों पर लोन ली थी। बैंक एजेंट दिब्य कुमार राज पिछले 2 साल से किस्तों की वसूली से घर आता जाता था, 4 महीने पहले दिब्य कुमार राज शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ खरसिया के मदनपुर ले गया, जहां किराए के घर में 02 माह तक पत्नी की तरह रखा था, शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद अपने घर जाओ कहकर छोड़कर भाग गया और अब कोई रिश्ता नहीं रखूंगा कहने लगा। बालिका के आवेदन पत्र पर आरोपी के विरूद्ध धारा 363,366, 376 आईपीसी 4, 6 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज आरोपी की पतासाजी के लिये अपने सूत्रों से जानकारी जुटाये जिसके सीपत बिलासपुर में होने की जानकारी होने पर पुलिस टीम सीपत बिलासपुर रवाना होकर आरोपी दिब्य कुमार राज पिता सहदेव सिंह राज उम्र 23 साल निवासी खोंधरा पोस्ट जेवरा थाना सीपत जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसे रिमांड पर भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टॉल को अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला में मिला प्रथम स्थान

**» भोपाल में आकर्षण का केन्द्र रहा छत्तीसगढ़ हर्बल्स का स्टॉल**

**» राज्य में लघु वनोपजों के संग्रहण से मूल्यवर्धन तक के कार्य में 7 हजार से अधिक महिला स्वसहायता समूह सक्रिय**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टॉल को 8वें अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। यह मेला मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में 22 से 26 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' का स्टॉल लगाया गया था। मेला में ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' के स्टॉल का विशेष आकर्षण रहा। यही वजह है कि अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला में छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पादों के स्टॉल को प्रथम स्थान प्राप्त होने के साथ ही राज्य को एक और विशेष उपलब्धि हासिल हुई है।

अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के अपने ब्रांड ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की। मेला में छत्तीसगढ़ हर्बल्स के 120 से अधिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। ये उत्पाद राज्य के नैसर्गिक वनों पर उत्पन्न होने वाले ऐसे लघु वनोपजों से किया जाता है, जो जैविक-प्रमाणित होते हैं। इनका लोगों के बीच विशेष आकर्षण रहा। इस दौरान मध्यप्रदेश के वन मंत्री ने भी छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टॉल का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के कार्यों और इनके उत्पादों की सराहना की। मेला में 23 दिसंबर को आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में राज्य के कच्चे लघु वनोपज के थोक विक्रय हेतु लगभग एक करोड़ रूपए की राशि की अनुबंध किए गए, जिसमें हर्रा कचरिया, बहेड़ा कचरिया, साबुत हर्रा, साबुत बहेड़ा तथा कालमेघ जैसी वनोपज सम्मिलित है। इस दौरान अन्य बड़े व्यावसायियों द्वारा उन्हें दिखाए गए विभिन्न कच्चे वनोपजों के नमूने के प्रति गहरी रूचि प्रदर्शित करते हुए आगे अनुबंध करने की इच्छा प्रदर्शित की गई।

मेला में छत्तीसगढ़ हर्बल्स विक्रय श्रृंखला के मध्यप्रदेश राज्य में विस्तार करने के प्रयासों में भी अच्छी सफलता प्राप्त हो रही है तथा निकट भविष्य में ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' के उत्पादों का विक्रय मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों में होने की संभावना बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों के निर्माण में लगने वाले लघु वनोपजों का संग्रहण राज्य के वनों तथा उसके आसपास रहने वाले आदिवासी एवं अन्य ग्रामीण समुदायों द्वारा किया जाता है। इन संग्राहकों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है। वनों से संग्रहित इन वनोपजों के प्राथमिक प्रसंस्करण के उपरांत उसे वन-धन केन्द्रों में लाया जाता है, जहां उनका प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन कर उच्च गुणवत्ता के उत्पाद निर्मित किए जाते है। इन उत्पादों के विक्रय ''संजीवनी विक्रय केन्द्र'' के माध्यम से तथा अमेजान, फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म से किया जाता है। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के इस कार्य में 7000 से अधिक महिला स्वसहायता समूह कार्यरत है, जिनमें से अधिकांश अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

## शासन की स्वरोजगार योजनाओं की प्रक्रिया है निःशुल्क

**» बिना ट्रेनिंग जल्द लोन पास कराने की बातें भ्रामक, आवेदकों से ऐसे कॉल व मैसेज से सतर्क रहने की अपील**

**रायगढ़ ।** अधिक सब्सिडी का झासा देकर मांग रहे हैं 7500 रुपये के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ शिव कुमार राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की स्वरोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना पूर्णतः ऑनलाईन योजना है। जिसके मुख्यतः 6 चरण है। केव्हीआईसी के वेब साईट में ऑनलाईन आवेदन, नोडल एजेंसी द्वारा आवेदन एवं संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण, नोडल एजेंसी द्वारा परीक्षण उपरांत उपयुक्त आवेदनों का संबंधित बैंक की ओर अग्रेषण, संबंधित बैंक द्वारा परीक्षण एवं उपयुक्त आवेदन में ऑनलाईन ऋण स्वीकृति, स्वीकृत प्रकरणों में आवेदक द्वारा ऑनलाईन निःशुल्क प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण उपरांत संबंधित बैंक द्वारा ऋण वितरण एवं ऑनलाईन मार्जिन मनी क्लेम। जिसकी पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन एवं निःशुल्क है। आवेदन एवं प्रशिक्षण में कोई शुल्क की आवश्यकता नहीं है एवं आवेदक द्वारा ही ऑनलाईन प्रशिक्षण लिया जाना है।

इस संबंध में आवेदकों को अवगत कराया जाता है कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आवेदक द्वारा ही किया जाना है और प्रशिक्षण ऑनलाईन एवं निःशुल्क है एवं मार्जिन मनी (सब्सिडी)का क्लेम संबंधित बैंक द्वारा किया जाता है जिसके उपरांत नियमतः सब्सिडी की राशि प्राप्त हो जाती है। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से संचालित राज्य सरकार की योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ऑफलाईन योजना है जिसके आवेदक प्रशिक्षण एवं मार्जिन मनी वितरण की प्रक्रिया पूर्णतःनिःशुल्क है। वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ द्वारा लक्ष्य की पूर्ति की जा चुकी है। सब्सिडी दिलाने एवं प्रशिक्षण हेतु किसी व्यक्ति/संस्था की मांग किए जाने पर एवं योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर या दूरभाष 07762-222914 पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त की जा सकती है।

## गांवों में जरूरतों के मुताबिक हो रहे अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

**» खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे उच्च शिक्षामंत्री पटेल**



**रायगढ़ ।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 17 लाख 25 हजार रुपये के कार्यों का शिलान्यास किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि गांवों में स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रख कर अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य किये जा रहे हैं। गांवों में सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम, पानी टंकी, आंगनबाड़ी भवन, स्कूल भवन एसएचजी शेड जैसे निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं को विस्तार मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती प्रदान करने के लिए योजनाओं का निर्माण कर रही है। शासन गांव में रहने वाले लोगों को उनकी जरुरत के अनुसार आजीविका के साधन मुहैय्या कराने के साथ ही उनकी आर्थिक उन्नति के लिए कई योजनायें प्राथमिकता से शुरू की हैं। किसान, श्रमिक, आदिवासी परिवारों तक सबके विकास को ध्यान में रख कार्य किया जा रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित अन्य फसलों की अधिक कीमत मिली। शासन भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी योजना शुरू की है। जिसके अंतर्गत भूमिहीन श्रमिक परिवारों को 6 हजार वार्षिक की सहायता राशि इसी वित्तीय वर्ष से मिलने जा रही है। आदिवासी अंचलों के निवासियों के आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनोपज के भी समर्थन मूल्य में खरीदी के दायरे को विस्तार देकर कीमतों में वृद्धि की गयी। जिसका लाभ वनवासी परिवारों को मिल रहा है। तेन्दूपत्ता मानक बोरा की कीमत 25 सौ से 4 हजार किया गया है, और 52 वनोपजों को समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, कुपोषण मुक्ति की दिशा में भी व्यापक स्तर पर कार्य हो रहा है। स्वामी आत्मानंद योजना से बच्चों को शासकीय स्कूल की फीस में अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई करवाई जा रही है। जिला मुख्यालय से हुई शुरुआत के बाद अंग्रेजी स्कूलों को विकासखंड मुख्यालय में भी खोला गया है। जिसे आगे भी विस्तार दिया जाएगा।

# इलेक्ट्रिशियन के साथ दो युवक मास्टर चाबी बनाकर किए ट्रक की चोरी

**» ट्रक बेचने झारखंड जाते समय जशपुर बॉर्डर लोदाम बेरियर के पास ट्रक सहित पकड़ाए**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के कुशल मार्गदर्शन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर व स्टाफ द्वारा ट्रक चोरी की रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर ट्रक की आरोपियों से बरामदगी की गई है, आरोपीगण चोरी की ट्रक को झारखंड भेजने ले जा रहे थे। मामले में इलेक्ट्रिशियन के अपने दो साथियों के साथ अपराधिक षड्यंत्र रचकर ट्रक चोरी करने के साक्ष्य पाया गया है, कोतवाली पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

ट्रक के मालिक एवं ट्रांसपोटर अमन शर्मा पिता अनिल शर्मा निवासी गांधी गंज रायगढ दिनांक 25.12.2021 को थाना कोतवाली में अपने ट्रक क्रमांक सीजी -13 एएलए -5168 कीमती लगभग 10 लाख रूपये के दिनांक 24-12-2021 की रात्रि ढिमरापुर चौक के पास से चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर थाना कोतवाली में धारा 379 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध दर्ज किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षक मनीष नागर को निर्देशित किया गया कि ट्रक को चोरी हुये 24 घंटे से अधिक नहीं हुये हैं, अज्ञात चोर ट्रक को ज्यादा दूर नहीं ले पाये होंगे, शीघ्र सभी चेक पाइंट/बेरियर पर ट्रक के संबंध में जानकारी लेकर मुखबिरों को सक्रिय कर वाहन की पतासाजी करें। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा जिले सभी थाना प्रभारी सहित सीमावर्ती थानों के प्रभारियों को ट्रक की जानकारी देकर प्रमुख चेक/पोस्ट बेरियर पर जानकारी ली गई, जिस पर ट्रक के रायगढ़ से पार होकर रांची झारखंड की ओर जाने की जानकारी मिली, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर तत्काल कोवताली से पुलिस पार्टी ट्रक की पतासाजी के लिये रवाना हुई और ट्रक को जशपुर बार्डर के लोदाम बेरियर के पास पकड़ा गया। ट्रक को ड्रायवर जोगेन्द्र उर्फ उर्फ दिनेश यादव, मो. हसनैन एवं एमडी वाईस चोरी कर झारखंड बेचने लेकर जा रहे थे। ट्रक को रायगढ़ लाकर आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपी मो. हसनैन के आपराधिक षडयंत्र की जानकारी हुई। तीनों आरोपी मूलतः झारखंड के निवासी है। मोहम्मद हसनैन इलेक्ट्रशियन है, कोसमनारा रायगढ़ के पास बैटरी बनाता है, एमडी वाईस, मो. हसनैन के साथ काम करता था और पूंजीपथरा में रह रहा था। इन्होंने अपने साथी जोगेंद्र यादव के साथ ट्रक चोरी का प्लान बनाये और जोगेंद्र यादव को दो दिन पहले रायगढ् बुलाये। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से 24 दिसम्बर की रात करीब 08:00 बजे ढिमरापुर के पास खड़ी ट्रक सीजी -13 एएलए -5168 को मो. हसनैन और जोगेन्द्र चोरी पूंजीपथरा की ओर आगे बढ़े और पूंजीपथरा के पास अपने साथी एमडी वाईस को ट्रक में बिठाकर ट्रक को झारखंड बेचने ले जा रहे थे। आरोपियों के कब्जे से ट्रक क्रमांक सीजी -13 एएलए -5168 कीमती लगभग 10 लाख रूपये तीनों के मोबाइल की जप्ती की गई है। आरोपियों के अन्य थानों में चोरी के अपराध होने की जानकारी मिली है, थाना प्रभारी द्वारा जिनके गृह जिले व अन्य थानों से अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ले रही है। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध धारा 120 बी,34 भादवि जोड़कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी- (1) आरोपी मोहम्मद हसनैन पिता आरिफ बिल्ला उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मासियातू थाना बालूमाथ जिला लातेहार (झारखंड) (2) जोगेंद्र यादव उर्फ दिनेश यादव पिता पति यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम ढूण्डूपचरी पोआ मटलांग थाना मनिका जिला लातेहार (झारखंड) (3) एमडी वाईस पिता जमीरउद्दीन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मासियातू थाना बालूमाथ जिला लातेहार (झारखंड)।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480